>

Title: Need to accord approval to the proposal of Government of Bihar to establish a Central University in Motihari, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): नियम 377 के माध्यम से सदन को सूचित करना चाहती हूं कि केन्द्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा बिहार के मोतिहारी जिले में केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में कई बाधा खड़ी कर रही है। मानव संसाधन विकास मंत्री जी कहते हैं केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए अच्छी फैकल्टी हो, यातायात हो एवं हवाई सेवा हो । जबकि देश के अन्य राज्यों में केन्द्रीय विश्वविद्यालय सुदूरवर्ती इलाकों में स्थापित हुए हैं । माननीय मंत्री जी के अलग-अलग राज्यों के लिए अलग मापदंड हैं। जन भावना के आधार पर बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव कि बिहार के केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना मोतिहारी में की जाये, को मानव संसाधन विकास मंत्रालय की तरफ से स्वीकृति नहीं मिली है । माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी कहते हैं कि गया में केन्द्रीय विश्वविद्यालय हेतु रक्षा मंत्री जी जमीन उपलब्ध करवा रहे हैं और मोतिहारी में स्टेट विश्वविद्यालय खुलवाने के लिए आर्थिक सहयोग की बात करते हैं। सरकार किन कारणों से महात्मा गांधी की कर्मभूमि पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने से मना कर रही है, यह समझ से परे है। बिहार को विकासोन्मुख बनाने वाले बिहार सरकार ने जो प्रस्ताव दिया है, वह जनहित एवं जनभावना पर आधारित है एवं केन्द्र सरकार को जनभावना के अनुरूप मोतिहारी, बिहार में शीघ्रतिशीघ्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने की दिशा में कदम उठाना चाहिए ।

प्रधानमंत्री जी से अनुरोध है कि बिहार के केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना मोतिहारी में स्थापित किये जाने के बिहार सरकार के प्रस्ताव को मानने के लिए निर्देश देने की कृपा करें ।